# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, रविवार 15 दिसंबर 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 77

# आजादी के 78 साल बाद घोर माओवादी दूरस्थ गांव पूवर्ती में पहली बार गूंजी दूरदर्शन की आवाज

- बंजाम मडगू और नुप्पो हड़मा के घर में ग्रामीणों ने देखी देश-दुनिया की खबर
- बच्चों ने देखा ज्ञानवर्धक कार्यक्रम और कार्टून
- जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों तक पहुंचाने की पहल
- ग्रामीणों को सौर ऊर्जा से मिली राहत
- ग्रामीणों ने कहा दूरदर्शन देखना किसी चमत्कार होने जैसा
- पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा और ग्रामीणों में खुशी की लहर
- यह कदम विकास की दिशा में बड़ा परिवर्तन

**नई दिल्ली | आरएनएस**



छत्तीसगढ़ के दक्षिणतम छोर सुकमा जिले के अति-माओवाद प्रभावित और दुर्गम क्षेत्र पूवर्ती में विकास की एक नई किरण पहुंची है। आजादी के 78 साल बाद पहली बार इस गांव के लोगों ने दूरदर्शन पर देश-दुनिया की खबरें, धारावाहिक और स्थानीय फिल्में देखी। नियद नेल्ला नार गांव पूवर्ती के बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग सभी दूरदर्शन के कार्यक्रमों को देखने के लिए घंटों टीवी सेट के पास बैठे रहे। इस पहल ने यह साबित किया है कि विकास की तेजी माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव हो रहा है। जिससे पूवर्ती, सिलगेर, टेकलगुडियम जैसे सुदूर गांवों में इस तरह की योजनाएं विकास और शांति का नया अध्याय लिख रही हैं। इस ऐतिहासिक अवसर पर गांव के बच्चों ने ज्ञानवर्धक कार्यक्रम और कार्टून देखकर न केवल खुशी का अनुभव किया, बल्कि उनके चेहरे पर सीखने और उत्सुकता की झलक भी साफ देखी गई। यह पहल ग्रामीण विकास की दिशा में एक बड़ा कदम है। माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा देने और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुदूर गांवों तक पहुंचाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा नियद नेल्लानार योजना का संचालन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के पहल पर इस योजना का मुख्य उद्देश्य गांवों तक केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाना है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) विभाग ने पूवर्ती गांव में सौर ऊर्जा से संचालित उपकरण का वितरण किया। परिवार को सोलर लाइट और सोलर पंखा वितरण किया गया। इसके साथ ही दूरदर्शन के सेट पूवर्ती, टेकलगुडियम और सिलगेर में क्रमश: दो-दो सेट स्थापित किए गए हैं। इस कदम से गांव में बिजली की कमी की समस्या दूर हो गई है और ग्रामीणों को अंधेरे से मुक्ति मिली है। ग्रामीणों ने कहा कि गर्मी के मौसम में सोलर पंखों से राहत मिलेगी। पंखा पाकर लोग बेहद खुश हैं। यह कदम उनके जीवन में नई ऊर्जा और उम्मीदें लेकर आया है। नियद नेल्लानार गांव की बंजाम मडगू, बंडीपारा पूवर्ती ने कहा कि हमने कभी नहीं सोचा था कि हमारे गांव में टीवी आएगा। पहली बार देश-दुनिया की खबरें और धारावाहिक देखकर ऐसा लग रहा है जैसे हम भी अब बाकी दुनिया से जुड़े हैं। सोलर लाइट और पंखे से अब रातें रोशनी से भर जाएंगी और गर्मी से भी राहत मिलेगी। यह हमारे लिए चमत्कार होने जैसा है।

गांव के युवा नुप्पो हड़मा, तुमालपारा पूवर्ती ने कहा अब बच्चों को पढ़ाई करने में आसानी होगी, क्योंकि सोलर लाइट की मदद से रात को भी आसानी पढ़ सकेंगे। दूरदर्शन पर आने वाले ज्ञानवर्धक कार्यक्रमो से बच्चों को नई जानकारी मिलेगी। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने कहा कि पूवर्ती जैसे दूरस्थ और माओवाद प्रभावित गांवों तक सौर ऊर्जा से संचालित उपकरण पहुंचाना विकास की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह ग्रामीणों की जरूरतें पूरी कर रहा है, साथ ही पर्यावरण संरक्षण और स्थायी ऊर्जा के उपयोग को भी बढ़ावा दे रहा है। हमारी कोशिश है कि इन क्षेत्रों के हर गांव में विकास के नए आयाम जोड़े जाएं, जिससे लोग मुख्यधारा में शामिल हो सकें। सुकमा जिले में जनजातीय वर्गों की बहुलता है, जो वन संरक्षण और पर्यावरण की रक्षा के प्रति सदैव तत्पर रहते हैं। सौर ऊर्जा पर आधारित उपकरणों के वितरण से न केवल ग्रामीण बिजली पर निर्भरता से मुक्त हो रहे हैं, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण को भी प्रोत्साहन दे रहा है। अक्षय ऊर्जा के उपयोग से प्रदूषण में कमी आएगी और यह सतत विकास का एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करेगा।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### सीरिया से लौटे भारतीयों ने बताया हाल, बोले- रोज बम-मिसाइल की आवाज सुनते थे

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** सीरिया में तख्तापलट होने के बाद युद्ध जैसे हालात बने हुए हैं। इस बीच भारत ने सीरिया से अपने 75 नागरिकों को सुरक्षित निकाल लिया है। इनमें से 4 आज दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचे। देश लौटने के बाद इन नागरिकों ने युद्धग्रस्त सीरिया के हालात बयां किए हैं।नागरिकों ने बताया कि वहां हर दिन रॉकेट और गोलियों का आवाज सुनाई देती थी। सूत्रों से एक भारतीय ने कहा, मैं 15-20 दिन पहले वहां गया था। वहां की स्थिति बहुत खराब थी। हमने भारतीय दूतावास से संपर्क किया। हमें पहले दमिश्क बुलाया गया, फिर 2-3 दिन रुकने के बाद बेरूत ले जाया गया। हर दिन रॉकेट और गोलियों की आवाजें सुनाई देती थीं। भारतीय दूतावास ने हमारी काफी मदद की और सभी सुविधाएं मुहैया कराईं। हमें खुशी है कि हम अपने देश पहुंच गए हैं। एक अन्य भारतीय ने कहा, एक दिन मैं प्लांट में काम कर रहा था तभी 2-3 रॉकेट दिखे। हमने दूतावास को बताया। उन्होंने कहा कि दमिश्क आ जाओ। वहां से हमें बेरूत ले जाया गया। 2 दिन बाद हमारी टिकट बेरूत से दोहा के लिए बुक हो गई। फिर दोहा से कतर और नई दिल्ली के लिए बुक हो गई। वहां की स्थिति बहुत गंभीर है। हम हर रोज रॉकेट धमाके और गोली चलने की आवाज सुनते थे।

### अमेरिका में 2 साल के बच्चे ने गलती से मां पर चलाई गोली, हुई मौत; फंस गया ब्वॉयफ्रेंड

**कैलिफोर्निया।** अमेरिका के कैलिफोर्निया से एक हैरान करने वाली खबर सामने आई है। यहां दो साल के बच्चे ने अपनी मां पर गलती से गोली चला दी। गोली लगने की वजह से महिला की मौत हो गई। बच्चे ने मां के ब्वॉयफ्रेंड की पिस्टल से गोली चलाई थी। मामला उत्तरी कैलिफोर्निया के एक अपार्टमेंट का है। महिला की पहचान 22 वर्षीय जेसिन्या मीना के तौर पर हुई है। लेफ्टिनेंट पॉल सर्वेंट्स के अनुसार पुलिस भी इस घटना से हैरान है। दरअसल, महिला ने अपने बॉयफ्रेंड की लोडेड पिस्टल बेड के ऊपर रखी थी इसी दौरान खेल-खेल में बच्चे के हाथ पिस्टल लग गई अनजाने में ट्रिगर दब गया। इसके बाद गोली सीधे महिला को जो लगी। मामले में पुलिस ने महिला के प्रेमी 18 वर्षीय एंड्रयू सांचेज को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने पिस्टल को भी जब्त कर लिया है। पुलिस का कहना है कि अगर पिस्टल ऊपर रखी होती तो यह बच्चे के हाथ नहीं लगती। पुलिस के मुताबिक मामला लापरवाही का है और इसे रोका जा सकता था। बताया जा रहा है कि महिला और उसका प्रेमी पिछले कई दिनों से इसी अपार्टमेंट में रह रहे था। फ्रेस्नो पुलिस डिपार्टमेंट के अनुसार पिछले सप्ताह दोनों बेड पर आराम कर रहे थे। इसी दौरान बच्चे के हाथ पिस्टल लग गई और गलती से फायर हो गया। गोली सीधे महिला के शरीर में ऊपरी हिस्से पर लगी, जिसके बाद उसकी मौत हो गई। मीना की एक 8 महीने की बेटी भी है। पुलिस सांचेज से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने सांचेज की क्राइम हिस्ट्री भी खंगाली है लेकिन उसके खिलाफ पहले कोई केस दर्ज था। पुलिस के मुताबिक अब तक इस मामले में कोई गवाह सामने नहीं आया है। गोली लगने के बाद मीना को फ्रेस्नो में सामुदायिक क्षेत्रीय चिकित्सा केंद्र लाया गया था, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। मृतक की बड़ी बहन जेसिका ने पुलिस को बताया कि उनकी बहन बार-बार सांचेज से बंदूक को घर से हटाने के लिए कहती थी, लेकिन उसने इसे अनदेखा कर दिया जिसकी वजह से उसकी बहन की मौत हो गई।

## संभल में मिला 46 साल से बंद मंदिर, भगवान हनुमान की प्रतिमा और शिवलिंग मिला

**संभल | आरएनएस**



उत्तर प्रदेश के संभल में शाही जामा मस्जिद के सर्वे को लेकर हुई हिंसा के बाद सरकार कानून व्?यवस्?था को लेकर सख्?त है।इसी बीच खग्गुसराय के मुस्लिम बहुल इलाके में 46 साल से बंद मंदिर का पता चला है। प्रशासन ने मंदिर को खोला तो उसमें भगवान हनुमान, शिवलिंग, नंदी और कार्तिकेय की प्रतिमा मिली हैं।अब प्रशासन ने मंदिर पर किए गए अतिक्रमण को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया है और अतिक्रमियों पर कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि यह मंदिर रस्तोगी परिवार के कुलगुरु है। मंदिर के पास कुंआ और पीपल का पेड़ भी था। पेड़ को लोगों ने काट दिया, जबकि कुएं को खुलवाने का काम जारी है।उन्होंने बताया कि 1978 में हिंदू-मुस्लिम दंगों के बाद हिंदुओं ने इस इलाके को छोड़ दिया था। उसके बाद से ही इस मंदिर को बंद कर उस पर कब्जा कर लिया गया था। अब इसे फिर से खोला गया है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सुबह जब बिजली चोरी के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा था, तो इस जगह टीम पहुंची थी। यहां कई घरों और मस्जिदों में बिजली चोरी होना पाया गया। जांच के दौरान ही यह मंदिर मिल गया। इसकी सूचना जिलाधिकारी को दी गई।उन्होंने बताया कि मौके पर अतिरिक्ति पुलिस बल को बुलाकर जब मंदिर को खोला गया तो इसमें हनुमान, शिवलिंग, नंदी और कार्तिकेय की प्रतिमा मिल गई। इसके बार उनकी सफाई कराई गई।

## दिल्ली में फर्जी अंतर्राष्ट्रीय पासपोर्ट रैकेट का भंडाफोड़, 13 बांग्लादेशी समेत 42 गिरफ्तार

**नई दिल्ली | आरएनएस**



दिल्ली पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय फर्जी पासपोर्ट रैकेट का भंडाफोड़ किया है. पुलिस ने 42 लोगों को गिरफ्तार किया है जिनमें 13 बांग्लादेशी नागरिक हैं. दिल्ली पुलिस ने कहा कि उसने इस साल कई अंतरराष्ट्रीय फर्जी पासपोर्ट रैकेट का भंडाफोड़ किया और 13 बांग्लादेशी नागरिकों सहित 42 लोगों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों में 23 लोग एजेंट के रूप में काम करते पाए गए, जबकि अन्य यात्री के रूप में पकड़ा गया है.

पुलिस उपायुक्त (आईजीआई) उषा रंगनानी ने कहा कि सिंडिकेट, जिसमें अक्सर पड़ोसी देशों के विदेशी नागरिक शामिल होते हैं, भारत में अवैध रूप से प्रवेश करते हैं और जाली दस्तावेजों का उपयोग करके भारतीय पासपोर्ट हासिल करते हैं. उन्होंने कहा कि गिरफ्तार किए गए सभी लोगों में से 13 बांग्लादेश से, चार म्यांमार से, तीन नेपाल से और एक अफगानिस्तान से है. ये सभी अवैध रूप से अलग-अलग सीमाओं से भारत में प्रवेश करते थे और अनधिकृत अंतरराष्ट्रीय यात्रा की सुविधा के लिए भारतीय दस्तावेज बनवाते थे.

वहीं गिरफ्तार आरोपियों में नौ पश्चिम बंगाल से, चार दिल्ली से, तीन महाराष्ट्र से और एक-एक उत्तर प्रदेश, गुजरात, पंजाब, ओडिशा और राजस्थान से थे. "यह गिरोह आमतौर पर विदेशी नागरिकों के लिए जन्म प्रमाण पत्र जैसे भारतीय दस्तावेजों की जालसाजी करता था. ये गिरोह जाली दस्तावेज बनाकर अवैध तरीके से भारतीय पासपोर्ट का बनाया करते थे.

डीसीपी ने कहा, कि इनका नेटवर्क पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र और दिल्ली सहित कई राज्यों में चल रहा था. उदाहरण के लिए, मार्च में, यूएई से लौटने वाले एक बांग्लादेशी नागरिक के पास जाली भारतीय पासपोर्ट पाया गया था. जांच में बांग्लादेशी नागरिकों के लिए नकली भारतीय दस्तावेज बनाने वाले एक सिंडिकेट का पता चला. उस मामले में चार एजेंटों को गिरफ्तार किया गया और 21 नकली पासपोर्ट बरामद किए गए.

अक्टूबर में, नकली पासपोर्ट के साथ हांगकांग से लौटने वाले दो बांग्लादेशी नागरिकों ने महाराष्ट्र स्थित दस्तावेज़ निर्माण नेटवर्क का पर्दाफाश किया. उस मामले में दो एजेंटों को गिरफ्तार किया गया था. इसी तरह, जुलाई में, कुवैत की यात्रा करने के लिए जाली पासपोर्ट का उपयोग करने वाले एक अन्य बांग्लादेशी नागरिक को पकड़ा गया था. अधिकारी ने कहा कि इस ऑपरेशन के तहत महाराष्ट्र स्थित एक एजेंट की भी गिरफ्तारी हुई थी. पुलिस इन रैकेट्स के किन-किन नेटवर्क से जुड़े हैं इसकी जांच कर रही है.

## बर्फबारी से मैदानी राज्यों में शीतलहर का कहर, गलन भी ढाहेगी कहर, बारिश की संभावना

**नईदिल्ली | आरएनएस**



पहाड़ी इलाकों में हो रही बर्फबारी के चलते उत्तर भारत शीतलहर की चपेट में है। राजस्थान में पारा इतना गिर चुका है कि कुछ जिलों में पानी जमने लगा है।लोगों को ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़ों और अलाव का सहारा लेना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने आने वाले 2 दिनों में कई राज्यों में शीतलहर और घना कोहरा छाने की चेतावनी जारी की है।दूसरी तरफ आज केरल और तमिलनाडु में भारी बारिश का अलर्ट है।

हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर के ऊंचे पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी होने से राजधानी दिल्ली में शीतलहर का असर दिखाई दे रहा है। ठंडी हवाओं और कोहरे से हालात खराब होते जा रहे हैं।12 दिसंबर का दिन दिल्ली में सबसे ठंडा रहा और तापमान गिरकर 4.5 डिग्री पहुंच गया।पूर्वानुमान के मुताबिक, 14-16 दिसंबर तक आसमान साफ रहेगा शाम को धुंध छाए रहने की संभावना है। शनिवार को न्यूनतम तापमान 6 डिग्री और अधिकतम 21 डिग्री रह सकता है।

पहाड़ों में जमकर हो रही बर्फबारी से मैदानी इलाकों में पारा जमता जा रहा है। लोगों का घर से निकलना मुहाल हो रहा है।राजस्थान के सीकर और चूरू जैसे इलाकों में पिछले एक-दो दिनों से लगातार बर्फ जम रही है, जबकि फतेहपुर में पिछले 3 दिनों से न्यूनतम तापमान माइनस में दर्ज किया जा रहा है।मौसम विभाग ने पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में तापमान में गिरावट दर्ज होने की चेतावनी जारी की है।

मौसम विभाग ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आज शनिवार को शीतलहर चलने का अनुमान है. लोगों को संभलकर रहने की सलाह दी गई है. शीतलहर के चलते पारा गिरेगा और ठिठुरन बढ़ेगी. बात कोहरा की करें तो यह दिन पर दिन और घना होता जाएगा. आने वाले दिनों में सर्दी का सितम देखने को मिलेगा.

उत्तर भारत में मौसम तेजी से बदल रहा है. वहीं, पहाड़ी इलाकों में जमकर बर्फबारी हो रही है. इसी वजह से मैदानी भागों में पारा जमता जा रहा है. लोगों का घर से निकलना मुहाल हो रहा है. कहीं-कहीं ऐसा हाल है कि सूर्य के दर्शन भी नहीं हो रहे है. विभाग ने चेतावनी दी है कि गाड़ी धीमे चलाएं क्योंकि कोहरे के चलते विजिबिलिटी बहुत कम रहेगी.

आईएमडी ने दक्षिण भारत के बारे में बताया कि यहां अभी बारिश जारी रहेगी. अगले 24 घंटों में तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक के कुछ हिस्सों में बारिश की संभावना है. वहीं, आंध्र प्रदेश, लक्षद्वीप में बारिश देखने को मिल सकती है. इस वजह से तेलंगाना में भी मौसम में बदलाव होगा. सुबह और रात में हल्की ठंड रहेगी. तमिलनाडु में शुक्रवार को भारी बारिश हुई. आज और कल रविवार को भी यही हाल रहेगा.

## किसानों के दिल्ली कूच के दौरान फिर चले आंसू गैस के गोले, कई किसान घायल

**नईदिल्ली | आरएनएस**

पंजाब-हरियाणा सीमा पर पिछले 9 महीने से बैठे किसान आज तीसरी बार फिर दिल्ली कूच करने जा रहे हैं।इस दौरान हरियाणा के अंबाला में मोबाइल इंटरनेट पर रोक लगाई गई है। शंभू बॉर्डर पर पुलिस ने आंसू गैस के गोले भी दागे हैं। अब तक 8 किसानों के घायल होने की खबर है।बता दें इससे पहले किसान 2 बार दिल्ली कूच का प्रयास कर चुके हैं।

किसान सभी फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी की मांग कर रहे हैं। स्वामीनाथन आयोग के हिसाब से फसलों की कीमत तय हो।कर्ज माफी हो, किसानों को पेंशन मिले और खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।लखीमपुर खीरी मामले के दोषियों को सजा मिले।पिछले किसान आंदोलन के दौरान मारे गए किसानों के परिवारों को मुआवजा और सराकरी नौकरी मिले और किसानों के खिलाफ मुकदमे वापस हों।

किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा, संसद में संविधान, अडाणी, बेरोजगारी हर मुद्दे पर बात हो रही हैं, लेकिन किसानों पर बात नहीं हो रही।हरियाणा सरकार में मंत्री अनिल विज ने कहा, सुप्रीम कोर्ट मामले की सुनवाई कर रहा है और कुछ समय मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने सुझाव दिया है कि किसानों को अपना विरोध प्रदर्शन कुछ समय के लिए टाल देना चाहिए। मेरी राय है कि किसानों को कोर्ट की बात सुननी चाहिए।

## गोवा में कैसीनो पर छापेमारी के दौरान ईडी टीम पर हमला, अधिकारियों को बंधक भी बनाया

**पणजी | आरएनएस**

गोवा के समुद्र तट से दूर एक कैसीनो क्रूज कैसीनो प्राइड पर गुरुवार को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में छापेमारी करने गई प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम पर हमला किए जाने की घटना सामने आई है।हमले का आरोप कैसीनो के निदेशक और कर्मचारियों पर लगा है।कहा जा रहा है कि कैसीनो कर्मचारियों ने ईडी के सहायक निदेशक पोलुरी चेन्ना केशव राव और उनकी टीम को एक कमरे में बंधक बनाकर हमला किया था।

पणजी पुलिस ने इस मामले में कैसीनो निदेशक अशोक वाडिया और 2 वरिष्ठ कर्मचारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।उन पर भारतीय न्याय संहिता (क्चहस्) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है, जिसमें लोक सेवक पर हमला करना, आदेशों की अवहेलना करना, लोक सेवक को धमकाना, बंधक बनाना और सबूतों से छेड़छाड़ करना शामिल है।शिकायत में राव ने बताया कि तलाशी की कार्यवाही कैसीनो संचालन में बाधा डाले बिना की गई थी।

पुलिस ने बताया कि कार्रवाई के दौरान कैसीनो निदेशक वाडिया और गोपाल नाइक बिना अनुमति के तलाशी क्षेत्र में घुस आए थे। तलाशी लिए जाने का वारंट दिखाए जाने के बाद भी वाडिया ने सहयोग करने से इनकार कर दिया और ईडी टीम पर फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया।राव का आरोप है कि नाइक ने अधिकारियों को शारीरिक नुकसान पहुंचाने और राजनीतिक संबंधों के जरिए नौकरी में दुष्परिणाम भुगतने की धमकी दी थी।

शिकायत के अनुसार, कैसीनो कर्मचारियों ने जबरन ईडी टीम को तलाशी क्षेत्र से हटा दिया गया और दूसरे कमरे में ले जाकर बंद कर दिया।इसके बाद कथित तौर पर उन्हें सबूतों के रूप में एकत्र किए गए इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को वापस करने तथा उनमें से डेटा मिटाने के लिए मजबूर किया गया।शिकायत में यह भी कहा गया है कि घटना के दौरान 4.3 लाख रुपये की बेहिसाबी नकदी गायब भी गायब कर दी गई थी।

## भारत सरकार के व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम में बढ़ी महिलाओं की भागीदारी

- 20 प्रतिशत वृद्धि हुई दर्ज

**नई दिल्ली | आरएनएस**




कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) की स्ट्राइव पहल (द स्किल स्ट्रेंथनिंग फॉर इंडस्ट्रियल वैल्यू एन्हांसमेंट) के तहत वोकेशनल ट्रेनिंग में महिलाओं की भागीदारी 2017-18 में 12 प्रतिशत से बढक़र 2022-23 में 20 प्रतिशत हो गई है।

एमएसडीई के सचिव अतुल कुमार तिवारी के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य देश भर में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) के इकोसिस्टम को मजबूत बनाना है। तिवारी ने कहा, स्ट्राइव के तहत विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में आईटीआई की क्षमता बढ़ाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की गई है।

उन्होंने कहा कि इस पहल ने कार्यान्वयन एजेंसियों को आवंटित धन के 92 प्रतिशत से अधिक यूटिलाइजेशन रेट हासिल किया है।

स्ट्राइव ने आईटीआई सिस्टम को बेहतर बनाने में योगदान दिया है। इस पहल ने वोकेशनल ट्रेनिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाया है और महत्वपूर्ण कमियों को दूर किया है, जिससे छात्रों और हितधारकों के लिए बेहतर परिणाम सामने आए हैं।

इस कार्यक्रम में विश्व बैंक के प्रतिनिधियों और भागीदार राज्य सरकारों के अधिकारियों ने भाग लिया।

विश्व बैंक द्वारा समर्थित स्ट्राइव परियोजना ने सात साल में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। उद्योग भागीदारी को बढ़ावा देकर, परियोजना का उद्देश्य प्रशिक्षण के अवसरों और क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ाना है।

आईटीआई ट्रेनर्स के लिए कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम को पेश किया गया है ताकि सिखाने के तरीकों के साथ-साथ लर्निंग आउटकम को भी बेहतर किया जा सके।

इस पहल ने ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग (ओजेटी) को ट्रैक करने में 35 प्रतिशत कंप्लायंस रेट भी दर्ज की। इसके अलावा, 15 राज्यों ने प्रशिक्षकों की रिक्तियों को सफलतापूर्वक कम किया और नौ राज्यों ने प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीटी) द्वारा तैयार एक मॉडल नीति द्वारा निर्देशित प्रशिक्षकों के लिए करियर प्रगति नीतियां विकसित कीं।

तिवारी ने कहा, स्ट्राइव ने भविष्य के लिए कई क्षेत्रों की पहचान की है। हब-एंड-स्पोक मॉडल के माध्यम से इसके पुनरुद्धार के लिए हाल ही में बजट की घोषणा सही दिशा में एक कदम है।

मंत्रालय के अनुसार, स्ट्राइव पहल ने भारत के वोकेशनल ट्रेनिंग इकोसिस्टम को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई है।